C(OTR)/7/2024-PAS

1/46678/2024

CIN-U72200UP1974SGC003880

यू0 पी0 इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन लिमिटेड
U.P. Electronics Corporation Limited

(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)

10, Ashok Marg,Lucknow-226001,Ph.0522-2286808, email:- uplclko@gmail.com

सन्दर्भ:यूपीएलसी:आरओडब्ल्यू:2024–25 दिनांक– जून, 2024

1. मुख्य कार्यपालक अधिकारी (औद्योगिक विकास प्राधिकरण),
   उत्तर प्रदेश।
2. समस्त जिलाधिकारी,
   उत्तर प्रदेश।
3. समस्त नगर आयुक्त
   उत्तर प्रदेश।
4. समस्त उपाध्यक्ष (विकास प्राधिकरण),
   उत्तर प्रदेश।

विषयः RoW पोर्टल एवं CBuD ऐप के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अवगत होना चाहें, RoW पोर्टल जोकि दूर संचार विभाग की सुविधायें को सुदृढ बनाये जाने हेतु आईटी विभाग द्वारा 2018 से संचालित किया जा रहा है, जिसमें दूरसंचार क्षेत्र के सेवाप्रदाताओं द्वारा Underground OFC एवं Mobiles tower हेतु आवेदन किये जाते हैं, जिसके क्रम में शासकीय विभाग के अधिकारियों द्वारा एन.ओ.सी. निर्गत की जाती है एवं एन.ओ.सी. निर्गत करने हेतु निम्नानुसार अधिकृत हैं :–

(i) आवास विकास प्राधिकरणों/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों तथा विनियमित क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों में अनुमतियां, इन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले नगर निगम नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के स्तर से जारी न होकर आवास विकास के अधीन संबंधित प्राधिकरण/विनियमित क्षेत्र के स्तर से प्रदान की जायेगी।

(ii) आवास विभाग के अधीनस्थ विकास प्राधिकरणों, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, विनियमित क्षेत्र से आच्छादित स्थानीय निकायों को छोड़कर शेष नगर पालिका/नगर पंचायत के अधीनस्थ क्षेत्रों में अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय द्वारा निर्गत किये जायेंगे।

(iii) औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के अधिसूचित क्षेत्रों में उनके द्वारा।

(iv) ग्रामीण क्षेत्रों में उपजिलाधिकारियों द्वारा।

2 उक्त के अतिरिक्त ज्ञातव्य है कि, सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर उत्खनन किये जाने के दौरान उन स्थानों पर पहले से विद्यमान अवस्थापना एवं यूटिलिटी सम्पत्तियों जैसे कि आप्टिकल फाइबर केबल, वाटर पाइप लाइन, इलेक्ट्रिक्ल केबल, गैस पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाती है जिससे आर्थिक क्षति, नागरिकों को असुविधा तथा अन्य हितधारकों को व्यवसायिक हानि होती है। समस्या से बचाव के लिये दूरसंचार विभाग, भारत सरकार द्वारा उत्खनन करने वाली संस्था और अवस्थापना/यूटिलिटी सम्पत्तियों के धारक के मध्य समन्वय हेतु "Call Before u Dig" (CBuD) Mobile ऐप बनाया गया है, जो उनके बीच सम्पर्क संवाद प्रदान करता है। इस ऐप को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा लांच किया गया था।

3 उपरोक्त के क्रम में दिनांक 20 मार्च, 2024 को मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में आहूत स्टेट ब्राडबैण्ड कमेटी की बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में RoW पोर्टल के संचालन हेतु एवं "Call Before u Dig" (CBuD) Mobile ऐप के उपयोग हेतु प्रशिक्षण आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें स्थानीय अधिकारियों को भौतिक रूप से उपस्थित रहने तथा अन्य के वर्चुअल रूप से शामिल होने के निर्देश प्राप्त हुये है।

4 अतः जुलाई, 2024 में RoW पोर्टल एवं CBuD (Call Before U Dig) ऐप के उपयोग हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसके कार्यक्रम की तिथि अनुसार सूची इस पत्र के साथ संलग्न है।

CamScanner

5 RoW पोर्टल एवं CBuD ऐप हेतु नामित विभाग के नोडल अधिकारियों के प्रशिक्षण हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लिंक निम्नवत् है:–

https://teams.microsoft.com/l/meetup-join/19%3ameeting_ZTUzMzE0Y2ItN2MwNy00YTkyLTlhNDktZjZkNzhiNjAyYzk0%40thread.v2/0?context=%7b%22Tid%22%3a%225b973f99-77df-4beb-b27d-aa0c70b8482c%22%2c%22Oid%22%3a%2299176fbe-2540-4989-b004-44bae6eaa817%22%7d

MeetingID:346 987 169 614
Passcode: dgd8ST

6 उक्त के क्रम में अनुरोध करना है कि RoW पोर्टल एवं CBuD ऐप के प्रशिक्षण में प्रतिभागिता सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

Signed by
Ravi Ranjan (रवि रंजन)
Date: 20-06-2024 17:13:40

संलग्नक:यथोक्त।

प्रतिलिपि:–

1. प्रमुख सचिव, आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को सूचनार्थ हेतु प्रेषित।
2. उप महानिदेशक, दूरसंचार विभाग (पूर्वी) एवं (पश्चिम), उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित कि CBuD ऐप के प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारी को निर्देशित करने का कष्ट करें।

CamScanner